# आईआईएम वेबिनारः स्टार्टअप के लिए अवसर, जुनून व कौशल का होना जरूरी

सिटी रिपोर्टर . रांची

अटल बिहारी वाजपेयी सेंटर फॉर लीडरशिप, पॉलिसी एंड गवर्नेंस, आईआईएम रांची की ओर से शुक्रवार को डूइंग बिजनेस सस्टेनेबल-स्टोरीज फ्रॉम झारखंड विषय पर वेबिनार का आयोजन हुआ। वेबिनार के वक्ता संस्थापक टोवासो सौरभ कुमार, ऑनर नीव हर्बल हस्तनिर्मित साबुन शिखा जैन, एक्वाटिक लाइवलीहुड जलजीविका के संस्थापक नीलकंठ मिश्रा शामिल रहे। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. शैलेंद्र सिंह ने झारखंड और आईआईएम रांची में उद्यमशीलता गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ केंद्र के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। सौरभ कुमार ने कहा कि संसाधनों का गलत उपयोग अपशिष्ट की तरह होता है। हर जगह भारी मात्रा में कूड़ा पड़ा हुआ देखकर धनबाद में स्टार्टअप की शुरुआत की थी। एक स्टार्टअप को सफलता के लिए 3 चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहला अवसर, दूसरा जुनून और तीसरा कौशल। नीलकंठ मिश्रा ने जलजीविका के बारे में बताया। शिखा जैन ने अपने उद्यम नीव के बारे में बात की। यह एक सामाजिक उद्यम है, जो मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य को दिखाता है। यह ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का सम्मानजनक साधन प्रदान करता है।

Dainik Bhaskar, Pg.04, 26.09.2021